### वनकर्मियों से अभद्रता, वाहनों में तोड़फोड़ और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला

## बाघ के हमले के बाद फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

# पेंच गेट पर उपद्रव करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

### अन्य आरोपियों की पुलिस कर रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

पेंच नेशनल पार्क के जमतरा गेट पर बाघ के हमले में एक ग्रामीण की दर्दनाक मौत के बाद भड़की भीड़ पर अब पुलिस का शिकंजा कसना शुरू हो गया है। घटना के बाद उग्र भीड़ द्वारा किए गए हंगामे, तोड़फोड़ और वन विभाग के कर्मचारियों के साथ अभद्रता के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने साफ कर दिया है कि शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों में जहां बाघ के लगातार बढ़ते हमलों को लेकर भय और आक्रोश है, वहीं प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार सख्त कदम उठा रहा है। पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई से इलाके में हलचल तेज हो गई है।




#### बाघ के हमले से मचा था हड़कंप

जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल 2026 को पेंच नेशनल पार्क के जमतरा क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई थी, जब बाघ के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की खबर जैसे ही आसपास के गांवों में पहुंची, बड़ी संख्या में ग्रामीण जमतरा स्थित पेंच नेशनल पार्क गेट पर एकत्रित हो गए। मृतक के प्रति संवेदना और वन्यजीवों के बढ़ते खतरे को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुरुआत में ग्रामीण प्रशासन और वन विभाग से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग कर रहे थे, लेकिन देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया। गुस्साई भीड़ ने पार्क गेट पर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान वन विभाग के कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की भी की गई। आरोप है कि भीड़ ने शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए स्थिति को पूरी तरह बिगाड़ दिया।

#### प्रशासन अलर्ट मोड पर

घटना के बाद प्रशासन और वन विभाग दोनों अलर्ट मोड पर हैं। अधिकारियों द्वारा लगातार क्षेत्र का दौरा किया जा रहा है। ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। प्रशासन का कहना है कि वन्यजीव संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों की सुरक्षा भी सर्वोच्च प्राथमिकता है।पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और कानून हाथ में न लेने की अपील की है। प्रशासन का मानना है कि संवाद और समन्वय के जरिए ही ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि विरोध प्रदर्शन लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन हिंसा, तोड़फोड़ और शासकीय कार्य में बाधा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक और शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

#### वन विभाग की शिकायत पर दर्ज हुआ मामला

घटना के बाद वन विभाग की ओर से थाना चाँद में विस्तृत रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 126/26 कायम करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।पुलिस ने धारा 191, 192, 193, 221, 121(1), 296(**B**), 351, 325(5) बीएनएस तथा लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 के तहत 13 नामजद और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी।

#### पुलिस ने 4 आरोपियों को दबोचा

लगातार जांच और दबिश के बाद पुलिस ने 9 मई 2026 को चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में संजय पिता शिवचरण सेवतकर निवासी जमतरातीजेसिंह पिता सीताराम सेवतकर निवासी जमतराराजेश पिता कुबेर सेवतकर निवासी जमतराओमप्रकाश पिता अशोक उर्फ प्रकाश सेवतकर निवासी थोटामाल बिछुआशामिल हैं।पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में छिंदवाड़ा जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल गर्म है। पुलिस का कहना है कि वीडियो फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की गई है।

#### अन्य आरोपियों की तलाश तेज

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। उपद्रव में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने साफ संकेत दिए हैं कि किसी भी प्रकार की हिंसा और शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने कई संदिग्धों को चिन्हित किया है और जल्द ही अन्य गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं। गांवों में पुलिस की गतिविधियां बढ़ा दी गई हैं तथा संवेदनशील इलाकों में निगरानी रखी जा रही है।

#### ग्रामीणों में बाघ का खौफ, सुरक्षा की मांग तेज

इधर, ग्रामीणों का कहना है कि पेंच क्षेत्र के आसपास बाघों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार वन विभाग को सूचना देने के बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए। घटना के बाद लोगों में आक्रोश और डर दोनों देखने को मिल रहे हैं।ग्रामीणों ने मांग की है कि वन क्षेत्र से लगे गांवों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए, नियमित गश्त बढ़ाई जाए और वन्यजीवों की निगरानी के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को रोजगार देने की मांग भी उठ रही है।

### जनगणना 2027 की तैयारियों में पांढुर्णा जिला लगातार प्रगति पर

**पांढुर्णा।** कार्यालय कलेक्टर द्वारा जारी सीएमएमएस पोर्टल रिपोर्ट के अनुसार जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं जनसंख्या संबंधी कार्यों की प्रगति लगातार जारी है कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नीरज कुमार वशिष्ठ तथा अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्री नीलमणि अग्निहोत्री के निर्देशन में जिले में फील्ड स्तर पर जनगणना कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की जा रही है।

जारी रिपोर्ट अनुसार जिले में कुल 688 एचएलबी में से 614 कार्य प्रगति पर हैं, जबकि 74 एचएलबी में कार्य प्रारंभ होना शेष है। जिले में कुल 1 लाख 4847 जनगणना मकानों का विवरण दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार पांढुर्णा ग्रामीण क्षेत्र में 286 एचएलबी में से 281 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, वहीं सौसर ग्रामीण क्षेत्र में 230 में से 164 कार्य पूर्ण हुए हैं। पांढुर्णा शहरी, सौसर शहरी, मोहगांव शहरी, लोधीखेड़ा शहरी एवं पिपला नारायणवार शहरी क्षेत्रों में भी जनगणना संबंधी कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं। जिले में कुल 70 हजार 168 आवासीय जनगणना मकान दर्ज किए गए हैं, जबकि कुल 71 हजार 873 परिवारों का विवरण संकलित किया गया है।

सीएमएमएस पोर्टल रिपोर्ट अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 2 लाख 97 हजार 450 दर्ज की गई है। जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि जनगणना कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयसीमा के साथ संपादित किया जाए, ताकि जनगणना 2027 की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके।

### खनिज विभाग ने कार्यवाही को दिया अंजाम

## पेंच नदी खिरसाडोह में अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में खनिज विभाग छिन्दवाड़ा की टीम द्वारा गत दिवस कार्रवाई करते हुए पेंच नदी खिरसाडोह क्षेत्र से रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 01 ट्रैक्टर को जप्त किया गया। जप्त वाहन को आगामी कार्रवाई के लिये थाना परासिया की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित वाहन के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

### उप संचालक डॉ.पक्षवार ने लिया तामिया क्षेत्र की पशु चिकित्सा संस्थानों का जायजा

**छिन्दवाड़ा।** उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस. पक्षवार द्वारा विगत दिवस जिले के विकासखंड तामिया अंतर्गत विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थाओं एवं गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तामिया पशु चिकित्सालय में डॉ. नागले, डॉ. प्रियंका एवं सुरेश चौकीदार उपस्थित पाए गए। सभी अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए विभागीय समस्त लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत ग्राम लहगड़ुआ, जो क्षीरधारा ग्राम योजना में शामिल है, वहां किए गए सर्वे कार्य का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना अंतर्गत दो-दो प्रकरण स्वीकृत एवं वितरण कराने के लक्ष्य दोनों पशु चिकित्सकों को दिए गए। इसके बाद पशु औषधालय देलाखारी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। संस्था प्रभारी श्री एस.पी. परतेती सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी उपस्थित पाए गए, जबकि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्रीमती विनीता अनुपस्थित मिलीं। यहां भी विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति के लिये आवश्यक निर्देश दिए गए तथा अभिलेखों का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में नंदनी गौशाला खापाखुर्द का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान समूह की सचिव श्रीमती तुलसा परतेती उपस्थित रहीं। गौशाला में वर्तमान में 125 गौवंश पाए गए। पानी के टांके में स्वच्छ एवं पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध मिला। 20 बोरा सुदाना, चेफकटर मशीन तथा गेहूं भूसे का भंडारण भी पाया गया। गौशाला परिसर में लगभग 10 क्विंटल गेहूं हार्वेस्टिंग उपरांत रखा हुआ मिला तथा भूसा गोवंश के लिए गोदाम में सुरक्षित रखा गया था। गौशाला की लगभग 3 एकड़ भूमि में मूंग एवं उड़द की फसल बोई गई है तथा गोवंश के लिए नेपियर घास भी लगाई गई है। यहां कंडे निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। लगभग 20 गायों द्वारा बछड़ा एवं बछिया दिए गए हैं तथा 8 से 10 गायें दुग्ध उत्पादन कर रही हैं। प्राप्त दूध से गौशाला में ही घी तैयार किया जा रहा है।

## महाराणा प्रताप ने देश की आन, बान और शान के लिए दी अपने प्राणों की आहुतिः सांसद साहू

### सांसद ने राजपूत क्षत्रिय महासभा समाज के भवन के लिए की 11 लाख देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



छिन्दवाड़ा। महाराणा प्रताप ने समाज और देश की आन, बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहुति देते हुए देश के लिए बड़ा बलिदान दिया था। वे मेवाड़ के सिसोदिया राजपूत वंश के एक महान योद्धा थे, जो अपनी स्वतंत्रता, स्वाभिमान और मुगलों के खिलाफ अदम्य साहस के लिए जाने जाते थें।

उन्होंने अकबर की अधीनता स्वीकार करने की बजाया घास की रोटियां खाना पसंद किया, लेकिन मेवाड़ की आन-बान-शान और हल्दीघाटी के युद्ध में वीरता की मिसाल पेश की। उक्त आशय के उद्गार महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर राजपूत क्षत्रिय महासभा द्वारा जगन्नाथ स्कूल परिसर में आयोजित भव्य आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने महाराणा प्रताप जी को नमन करते हुए कहा कि आज हमें महाराणा प्रताप द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। हम सभी उनके आदर्शों और उनके सिद्धांतों को अपनाते हुए अपने जीवन को सफल बनाए। इस दौरान ने सांसद श्री साहू ने राजपूत क्षत्रिय महासभा के सामाजिक भवन निर्माण के लिए सांसद निधि से 11 लाख रूपये देने की घोषणा करते हुए आगे भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को बालाघाट क्षत्रिय सभा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा, लाल सिंह चंदेल सहित अन्य

#### सामाजिक बंधुओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर राजपूत क्षत्रिय महासभा द्वारा सामाजिक बंधुओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं ने पहुंचकर बी.पी., शुगर सहित अन्य जांचे कराई। शिविर में डॉक्टरों ने सामाजिक बंधुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उन्हें आवश्यक सलाह व दवाईयां उपलब्ध कराई।जगन्नाथ स्कूल में आयोजित महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाज के संरक्षक अरविंद प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह, उपाध्यक्ष उत्तम सिंग राजपूत मौजूद रहे।

### श्री श्री रविशंकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर संपन्न

**छिंदवाड़ा।** विश्व प्रसिद्ध मानवतावादी नेता एवं शांति दूत पद्म विभूषण श्रीश्री रविशंकर जी गुरुदेव के 70 वे जन्मोत्सव पर आयोजित विभिन्न सेवा कार्यक्रमो की कड़ी में आज दिनांक 10 मई रविवार को प्रातः 10:00 बजे जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर प्रभारी संतोष साहू ने बताया कि रक्तदान करने वालों में सर्व श्री डॉक्टर डी के ठाकुर, हेमंत दास विक्की नोतानी, यशस्वी डेहरिया , रामेश्वर तिवारी , विमल टोरिया, अंकित सोनी , वरुण बिंद्रा , मुनीन्द्र मनोज चौधरी, संजय सूर्यवंशी, भूषण पाठे , मिनी सयाजी कृष्णन , निखिल बंटी चौरसिया , राजेश राउलवार , गणपति बोबडे , प्रवीन पटले, प्रतीक साहू , कल्याण बागरे, ज्ञानानन्द जैन , अश्वनी घई, अवध किशोर पाठे आदि ने रक्तदान किया l रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय के डॉक्टर सानिध्य दुबे, गीता राय नर्सिंग ऑफिसर, नंदिनी राऊत ब्लड बैंक सुपरवाइजर, राहुल बानवे , हितेंद्र कुकडे एवं सियाजी कृष्णन का विशेष योग प्राप्त हुआ।

## लाखों की लागत से बने शौचालय शोपीस बने, बस स्टैंड और हाट बाजार में ताले लटके, यात्री परेशान

### लंबे इंतजार के बाद भी सुविधा नहीं, महिलाएं होती है अक्सर परेशान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी में लाखों रुपये की लागत से बने सार्वजनिक शौचालय शुरू होने से पहले ही शोपीस बन गए हैं। बस स्टैंड और मुख्यमंत्री हाट बाजार में बने शौचालयों पर महीनों से ताले लटके हैं। इससे रोजाना आने-जाने वाले सैकड़ों यात्रियों, खासकर महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार बस स्टैंड पर शौचालय की मांग लंबे समय से की जा रही थी। कई महीने पहले शौचालय का निर्माण पूरा हो गया था। जानकारी के मुताबिक ठेकेदार ने इसे ग्राम पंचायत को हैंडओवर भी कर दिया है। इसके बावजूद शौचालय शुरू नहीं किया गया और ताला लगा हुआ है।

#### हाट बाजार का शौचालय भी बंद

वहीं मुख्यमंत्री हाट बाजार में बना सार्वजनिक शौचालय भी किसी के काम नहीं आ रहा है। वहां भी ताला लटका हुआ है। दोनों शौचालय बंद होने से यात्रियों को खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

#### महिलाओं को सबसे ज्यादा दिक्कत

शौचालय बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी महिला यात्रियों को उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बस स्टैंड और हाट बाजार के शौचालयों को जल्द से जल्द आम जनता के लिए खोला जाए ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

### कलेक्टर के आदेशों को भी दिखाया ठेंगा, टास्क फोर्स भी कागजों तक सीमित

# कलेक्टर की बनाई संयुक्त टास्क फोर्स भी सवालों के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा गठित टास्क फोर्स की कार्यप्रणाली अब सवालों के घेरे में आ गई है। गांव-गांव से बहने वाली नदियों और नालों से लगातार हो रहे अवैध रेत उत्खनन के कारण जहां शासन को राजस्व की भारी क्षति पहुंच रही है, वहीं पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान हो रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की संयुक्त कार्रवाई धरातल पर नजर नहीं आ रही है। सबसे अधिक सवाल परिवहन विभाग की भूमिका को लेकर उठ रहे हैं। रेत चोरी में पकड़े गए कई वाहन महीनों से तामिया थाना परिसर में खड़े हैं, लेकिन अब तक उनके दस्तावेजों, परमिट, बीमा, रोड टैक्स और फिटनेस की जांच तक नहीं की गई। इससे यह आशंका गहरा रही है कि अवैध रेत कारोबार में शामिल वाहनों को नियमों से बचाने की कोशिश की जा रही है।



#### कलेक्टर ने बनाई थी संयुक्त टास्क फोर्स

रेत के अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर द्वारा खनिज विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस, वन विभाग और परिवहन विभाग को शामिल करते हुए संयुक्त टास्क फोर्स का गठन किया गया था। इस टास्क फोर्स का उद्देश्य अवैध उत्खनन, परिवहन और राजस्व चोरी पर सख्ती से कार्रवाई करना था। प्रशासनिक आदेशों में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि अवैध रेत परिवहन में शामिल वाहनों की जांच कर उनके परमिट, पंजीयन, बीमा, फिटनेस और ड्राइविंग लाइसेंस की भी जांच की जाएगी। इसके साथ ही कृषि कार्य के नाम पर खरीदे गए ट्रैक्टरों का व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर भी कार्रवाई की जानी थी।लेकिन तामिया तहसील में यह पूरी व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है। स्थानीय स्तर पर अब तक संयुक्त रूप से कोई बड़ी कार्रवाई सामने नहीं आई है।

#### थाने में खड़े वाहनों की नहीं हुई जांच

सूत्रों के अनुसार तामिया थाना परिसर में वर्तमान समय में एक दर्जन से अधिक वाहन खड़े हैं, जिन्हें अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया था। इनमें कई ट्रैक्टर ऐसे बताए जा रहे हैं जिन्हें कृषि उपयोग के लिए खरीदा गया था, लेकिन उनका इस्तेमाल व्यावसायिक रूप से रेत ढोने में किया जा रहा था।इसके अलावा कुछ वाहन बिना परमिट, बिना रोड टैक्स, बिना बीमा और बिना वैध दस्तावेजों के संचालित होते पाए गए थे। बावजूद इसके परिवहन विभाग द्वारा इन वाहनों की अब तक कोई विस्तृत जांच नहीं की गई।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि परिवहन विभाग निष्पक्षता से जांच करे तो कई बड़े परिवहन उल्लंघन सामने आ सकते हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर महीनों से थाने में खड़े वाहनों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही।

#### परिवहन विभाग की चुप्पी पर सवाल

टास्क फोर्स में जिला परिवहन अधिकारी को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी। अवैध रेत परिवहन में लगे वाहनों के दस्तावेजों की जांच करना और नियम उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई करना उनकी जिम्मेदारी में शामिल था।लेकिन अब तक न तो वाहनों की फिटनेस जांच हुई, न ही टैक्स और परमिट की स्थिति स्पष्ट की गई। इससे परिवहन विभाग की निष्क्रियता पर सवाल उठ रहे हैं।जानकारों का कहना है कि यदि विभाग चाहे तो ऐसे वाहनों पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है और कई वाहनों का पंजीयन तक निरस्त हो सकता है। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होना संदेह पैदा कर रहा है।

#### खनिज, पुलिस और वन विभाग की भूमिका भी कटघरे में

रेत चोरी के मामलों में केवल परिवहन विभाग ही नहीं, बल्कि खनिज, पुलिस और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि जिन अधिकारियों ने वाहन पकड़े, उन्होंने परिवहन विभाग को समय पर जानकारी ही नहीं दी।यदि पकड़े गए वाहनों की जानकारी औपचारिक रूप से परिवहन विभाग को भेजी जाती, तो विभाग को दस्तावेजों की जांच करना अनिवार्य हो जाता। लेकिन ऐसा नहीं होने से पूरी कार्रवाई अधूरी नजर आ रही है।स्थानीय लोगों का मानना है कि विभागों के बीच समन्वय की कमी और लापरवाही के कारण अवैध रेत कारोबार पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है।

#### राजस्व के साथ पर्यावरण को भी नुकसान

अवैध रेत उत्खनन का असर केवल सरकारी राजस्व तक सीमित नहीं है। नदियों और जलस्रोतों से लगातार रेत निकाले जाने के कारण पर्यावरणीय संतुलन भी बिगड़ रहा है। कई क्षेत्रों में नदी का प्राकृतिक प्रवाह प्रभावित हो रहा है और जलस्तर गिरने की समस्या बढ़ती जा रही है।विशेषज्ञों का मानना है कि अनियंत्रित उत्खनन से भविष्य में जल संकट और भूमि कटाव जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ सकती हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की ढिलाई चिंता का विषय बनी हुई है। प्रशासन द्वारा सख्त निर्देश जारी किए जाने के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा गंभीरता नहीं दिखाई जा रही। थानों में महीनों से खड़े वाहनों की जांच नहीं होना इस बात का संकेत है कि अवैध रेत कारोबार के खिलाफ कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है।अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और टास्क फोर्स को वास्तविक रूप से सक्रिय कर अवैध उत्खनन तथा परिवहन नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी कार्रवाई करता है या नहीं।

### वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**छिन्दवाड़ाः-** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र.जिला शाखा छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली ने बताया कि आज दिनांक 10/05/2026 दिन रविवार को जनसेवा केन्द्र शिव नगर कॉलोनी छिन्दवाड़ा में एसोसिएशन के संरक्षक पं.राम शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा हाईकोर्ट जबलपुर के द्वारा छटवें वेतनमान का 32 माह का एरियर का फैसला पेंशनरों के पक्ष में मय 6 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने के आदेश को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी फैसलों को यथावत रखा गया है और प्रशासन द्वारा टेजरी ऑफिसरों को पेंशनरों की गणना एवं भुगतान के निर्देश जारी किये गये है इसी प्रकार सातवें वेतनमान के 27 माह का एरियर (मंहगाई राहत ) की सुनवाई भी उच्च न्यायालय जबलपुर में चल रही है ,शासन ने 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले पेंशनरों को चतुर्थ समयमान वेतनमान देने का भी निर्णय लिया है। आज की बैठक को जागेश्वर ढोमने एवं बी.एन.विश्वकर्मा ने संबोधित किया आज की बैठक में प्रीतम सिंह कछवाहा ,जयरंजन राजपूत ,गणपत साहू ,एस.एन.खुदरेजिया ,नेवालाल यादव ,आर.के.साखरे ,हंसराम अहिरवार ,व्ही.ए.खान ,पी.सी.मेहरोलिया ,एस.ए.अली ,ओ.पी.धौलपुरी ,नारायण सूर्यवंशी ,अब्बास खान ,मो.ईसराइल ,बी.एल.सदाफल ,अकील खान ,एफाज हुसैन ,के.पी.खंगारे , सैयद मुबारक अली आदि पेंशनर भारी संख्या में उपस्थित रहे ।

### जनगणना 2027 के तहत मोहगांव शहरी क्षेत्र में हाउस लिस्टिंग कार्य में उल्लेखनीय प्रगति

**पांढुर्णा।** जनगणना 2027 के अंतर्गत नगर परिषद मोहगांव (शहरी) क्षेत्र में मकान सूचीकरण कार्य निरंतर प्रगति पर है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नीरज कुमार वशिष्ठ तथा अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी नीलमणि अग्निहोत्री के निर्देशन में संचालित जनगणना कार्यों के तहत मोहगांव शहरी क्षेत्र में अधिकांश एचएलबी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।जारी प्रगति रिपोर्ट के अनुसार मोहगांव (शहरी) चार्ज अंतर्गत कुल 18 प्रगणक ब्लॉक में कार्य संचालित किया जा रहा है, जिनमें से 13 एचएलबी में कार्य पूर्ण हो चुका है। रिपोर्ट अनुसार क्षेत्र में मकानों की गणना, भवन सूचीकरण एवं संबंधित आंकड़ों का अद्यतन कार्य निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है। रिपोर्ट में उल्लेखित है कि कई प्रगणक ब्लॉकों में 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि शेष क्षेत्रों में भी कार्य तेजी से प्रगति पर है। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा फील्ड स्तर पर सतत मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा जनगणना 2027 के अंतर्गत संचालित सभी गतिविधियों की नियमित समीक्षा की जा रही है तथा अधिकारियों को गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है।

## दुर्घटनाओं का जंक्शन बना श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक

# प्रशासन की लापरवाही या बड़े हादसे का इंतज़ार

हरिभूमि न्यूज सौसर

नगर का हृदय स्थल कहा जाने वाला श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक इन दिनों अव्यवस्था और प्रशासनिक अनदेखी का जीवंत प्रमाण बन चुका है। नागपुर-छिंदवाड़ा नेशनल हाईवे पर स्थित यह चौक अब राहगीरों के लिए 'डेथ ट्रैप' साबित हो रहा है। तेज रफ्तार वाहन, सड़कों पर पसरा अतिक्रमण और बेतरतीब यातायात ने यहां पैदल चलने वालों के साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं महिलाओं का जीना मुहाल कर दिया है। नागपुर और छिंदवाड़ा को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग होने के कारण यहाँ चौबीसों घंटे भारी वाहनों का जमावड़ा रहता है। सबसे खतरनाक स्थिति तब पैदा होती है जब छिंदवाड़ा की ओर से आने वाली मध्य प्रदेश राज्य परिवहन निगम की बसें इसी चौक पर बीच सड़क पर बस को यू-टर्न (पलटाकर) लेकर बस स्टैंड की ओर जाती हैं। बड़ी बसों को मोड़ते समय हाईवे की दोनों दिशाओं से आ रहे तेज रफ्तार वाहनों और दोपहिया सवारों के बीच भीषण टक्कर का खतरा बना रहता है।

### छात्र छात्राओं, महिलाओं और बुजुर्गों की जान दांव पर

चौक के आसपास बैंक, स्कूल और नामी कोचिंग संस्थानों,दुकानों,होटल का संचालन होता है। दोपहर और शाम के वक्त जब सैकड़ों बच्चे एक साथ कोचिंग से निकलते हैं, तब नजारा भयावह होता है। सड़क पर खड़े बेतरतीब वाहन और अतिक्रमण के कारण बच्चों को नेशनल हाईवे पर जान जोखिम में डालकर चलना पड़ता है। बुजुर्गों के लिए तो सड़क पार करना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। हैरानी की बात यह है कि स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने कई बार यहाँ ट्रैफिक पुलिस की तैनाती और स्पीड ब्रेकर लगाने की गुहार लगाई है। लेकिन जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों तक, हर कोई इस गंभीर समस्या पर मौन साधे बैठा है। क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी या किसी मासूम की जान जाने के बाद ही अपनी नींद से जागेगा?



बढ़ते हादसों और वाहनों की अनियंत्रित गति पर लगाम कसने के लिए अब जनता आक्रोशित है। स्थानीय निवासियों ने पुरजोर मांग की है। जिसमें चौक के चारों ओर तत्काल वैज्ञानिक पद्धति से स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं। व्यस्त समय में यहाँ स्थाई रूप से ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तैनाती हो।सड़क पर अवैध रूप से कब्जा जमाए अतिक्रमणकारियों को व्यवस्थित करने की मांग की जा रही है।

## जो लोग वर्षों तक सिर्फ वादों की पाइप लाइन बिछाते रहे, उन्हें अब हर घर जल से परेशानी हो रही है: शेषराव यादव

**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने पूर्व सांसद नकुलनाथ द्वारा जल जीवन मिशन को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को जनता की चिंता कम और अपनी लगातार कमजोर होती राजनीतिक जमीन की चिंता ज्यादा सता रही है। जनता अब समझ चुकी है कि कांग्रेस केवल आरोपों और भ्रम की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस दशकों तक छिंदवाड़ा को केवल घोषणाओं, शिलान्यासों और पोस्टरों में विकसित करती रही, वही आज भाजपा सरकार के कार्यों पर सवाल खड़े कर रही है। भाजपा सरकार ने गांव-गांव तक सड़क, बिजली, पानी, आवास, गैस, शौचालय, स्वास्थ्य और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है, जबकि कांग्रेस ने वर्षों तक जनता को केवल सपने और आश्वासन दिए। श्री यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्व में देश में विकास और गरीब कल्याण की राजनीति को नई दिशा मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के माध्यम से करोड़ों ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य हुआ है। जिन गांवों में वर्षों तक महिलाएं और बेटियां दूर-दूर से पानी ढोने को मजबूर थीं, वहां आज घर-घर नल कनेक्शन पहुंच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने ''हर घर नल से जल'' और ''हर घर शौचालय'' जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की रक्षा करने का कार्य किया है। कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल में इस दिशा में गंभीरता से कभी क्यों नहीं सोचा? यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में ही क्यों संभव हुआ कि नीति भी बनी और उस पर तेजी से काम भी शुरू हुआ? इसका कारण स्पष्ट है, भाजपा की नीति देश और जनता के विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में ''हर घर नल से जल'' और ''हर घर शौचालय'' योजना तो सोच में भी नहीं थी। उस समय आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करती रही, जबकि आज भाजपा सरकार योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

## नौकरी छूटने के बाद ममता देशमुख ने नहीं मानी हार, आटा चक्की व्यवसाय से बनीं आत्मनिर्भर

**पांढुर्णा।** कोरोना महामारी के कठिन दौर में जहां अनेक परिवारों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई और लोगों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया, वहीं पांढुर्णा के वार्ड क्रमांक 23 निवासी श्रीमती ममता देशमुख ने विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी। उन्होंने अपने आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और शासन की जनकल्याणकारी योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की है। आज वे अपने स्वयं के फ्लोर मिल (आटा चक्की) व्यवसाय के माध्यम से न केवल परिवार का बेहतर ढंग से भरण-पोषण कर रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन गई हैं। श्रीमती ममता देशमुख, पति श्री राजेश देशमुख, तहसील एवं जिला पांढुर्णा की निवासी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत महाराष्ट्र के नागपुर शहर में एक निजी कंपनी में नौकरी करके की थी। लगभग पाँच वर्षों तक उन्होंने पूरी मेहनत और लगन के साथ कार्य किया। लेकिन वर्ष 2020-21 में कोरोना महामारी के दौरान कंपनी आर्थिक संकट से जूझने लगी, जिसके कारण कर्मचारियों को नियमित वेतन मिलना बंद हो गया। इससे परिवार का खर्च चलाना कठिन हो गया। इस कठिन समय में उन्होंने अन्य रोजगार की तलाश भी की, लेकिन उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी। परिस्थितियों को देखते हुए वे अपने पति के साथ वापस पांढुर्णा लौट आईं। पांढुर्णा लौटने के बाद उन्होंने स्वयं का कोई छोटा व्यवसाय शुरू करने का विचार बनाया। इसी दौरान उन्हें समाचार पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (**PMFME**) के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। योजना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, पांढुर्णा से संपर्क किया।

# परीक्षा देने आ रही छात्रा हुई दुर्घटना ग्रस्त, जिला चिकित्सालय रेफर

हरिभूमि न्यूज जुन्नारदेव

शनिवार 9 मई को शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की छात्रा नवेगांव टांडी से सुबह 7:00 बजे की परीक्षा देने आ रही थी इसी दौरान मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने से छात्र और उसका भाई दोनों गंभीर रूप से चोटिल हो गए हैं जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव से मिली जानकारी अनुसार सुबह लगभग 7:00 बजे एक बालिका और एक बालक को दुर्घटनाग्रस्त होने पर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर छात्रा के सिर और हाथ में गंभीर चोटे लगी थी वहीं मोटरसाइकिल चला रहे व्यक्ति के हाथ में भी फैक्चर आया था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

### परीक्षा के समय में बदलाव की परिजनों ने की मांग

वर्तमान में छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय की परीक्षा सुबह 7:00 से महाविद्यालय में संचालित की जा रही है इस दौरान जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र के लगभग 50 से 55 किलोमीटर दूर से आने वाले छात्र-छात्राओं को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जुन्नारदेव महाविद्यालय में छात्र-छात्राएं नवेगांव, बोरदही सहित तामिया, सांगाखेड़ा चावलपानी तक से महाविद्यालय पहुंचते हैं। पूर्व में भी कई बार जल्दबाजी के चलते छात्र छात्राएं दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं परिजनों ने मांग की है कि विश्वविद्यालय की परीक्षाएं सुबह 9:00 बजे से संचालित की जाए जिससे दूर दराज के ग्रामीण अंचल से आने वाले विद्यार्थियों को सुविधा हो सके।




# आज ध्वस्त होगी वार्ड 2 की जर्जर पानी की टंकी

### सुबह 10:30 से शाम 5:30 बजे तक तामिया जुन्नारदेव मार्ग से आवागमन रहेगा बंद

हरिभूमि न्यूज जुन्नारदेव

नगर के वार्ड क्रमांक 02 श्रद्धा लान के पास स्थित पानी की टंकी वर्तमान में बुरी तरह जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है बीते दिनों नगर पालिका की बैठक में टंकी को ध्वस्त किए जाने संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया था जिसके बाद सोमवार 11 में को इस टंकी को ध्वस्त किए जाने का कार्य पूर्ण किया जाएगा।नगर पालिका सीएमओ नेहा धुर्वे एवं अध्यक्ष रमेश सालोडे से मिली जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 2 की पानी टंकी वर्तमान में बुरी तरह जर्जर हो चुकी है जिसे शीघ्र ही दोस्त किए जाने की कार्यवाही की जानी थी इसी के मद्देनजर सोमवार को पानी की टंकी के दोस्त करने का कार्य पूर्ण किया जाएगा इसके लिए तामिया जुन्नारदेव मार्ग सोमवार 11 में को सुबह 10:30 से शाम 5:30 बजे तक बंद रहेगा नगर पालिका प्रशासन ने नगर वासियों से उक्त मार्ग के उपयोग न करने की अपील की है जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक 11 मई को ऊर्जा मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर करेंगे बैठक की अध्यक्षता

**पांढुर्णा।** जिला पांढुर्णा अंतर्गत विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 11 मई 2026 को प्रातः 10:00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा की जाएगी। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, विभागवार क्रियान्वयन तथा जनहित से जुड़े विषयों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समयसीमा में कार्य पूर्ण करने तथा विकास कार्यों में आवश्यक समन्वय बनाए रखने के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आवश्यक जानकारी, अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन एवं संबंधित अभिलेखों सहित समय पर बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें, ताकि विकास कार्यों की व्यापक एवं प्रभावी समीक्षा की जा सके। बैठक के संबंध में प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं तथा संबंधित विभागों को समुचित समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## मातृ दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय की विश्व दर्शन भवन में कार्यक्रम आयोजित



**छिंदवाड़ा।** मां परिवार की आधारशिला विषय पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती हेमंग प्रिया श्रीवास्तव जी तहसीलदार छिंदवाड़ा बीके मंगला बहन जी कार्यक्रम अध्यक्ष सुश्री आराधना शुक्ला जी शंकर वेलफेयर सोसाइटी श्रीमती भारती साहू भाजपा संगठन छिंदवाड़ा श्रीमती आयशा लोधी जी डायरेक्टर एनजीओ श्रीमती किरण सोनी मातृत्व परिवार संयोजक श्रीमती दीपा महोरे पार्षद श्रीमती आराधना पाटिल दिव्यांग स्कूल संचालिका आदि अन्य की उपस्थिति में आए हुए अतिथियों का गुलदस्ते और बैच लगाकर स्वागत किया गया और दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर संस्था प्रमुख बीके गणेशी दीदी द्वारा बताया कि मातृ दिवस मातृशक्ति के प्रति कृतज्ञता का अवसर प्रदान करता है और साथ ही स्मरण दिलाता है की माता की प्रेम और बलिदानों का सम्मान करने का दिन है यह एक दिन ही नहीं अपितु मानवीया समाज को हमेशा के लिए मात्र सत्ता के कृतज्ञ रहने का स्मरण दिलाता है ।

### वर्दी की राशि कोटवारों के बैंक खातों में भेजी जाए

**वारासिवनी।** कोटवार वेलफेयर सोसायटी संघ भोपाल की तहसील वारासिवनी इकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों ने तहसीलदार वारासिवनी वंदना मसराम को एक ज्ञापन सौंप कर कोटवारों को शासन द्वारा दी जाने वाली वर्दी की राशि उनके खातों में हस्तांतरित करने की मॉग की है। तहसीलदार को दिए गए ज्ञापन में लिखा गया है कि वर्ष 2025 तक प्रदेश के समस्त जिले एवं तहसील में नियमित रुप से वर्दी के लिए राशि हस्तांतरित की जाती थी। लेकिन वर्ष 2026 में कुछ जिलों में शासन द्वारा रेडीमेड वर्दी का वितरण किया गया, जिसकी गुणवत्ता अत्यंत घटिया थी, कपड़ा कमजोर, रंग फीका एवं सिलाई निम्न स्तर की थी, जिसे पहन कर शासकीय कायर्क करना संभव नहीं है। संघ ने मॉग की है कि पूर्व की भॉति वर्ष 2025 तक की व्यवस्था को लागू करते हुए वर्दी एवं अन्य सामग्री की राशि समस्त कोटवारों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की जावे।

# दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया का राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन सम्पन्न

## आयोजनों से ही बाबासाहब के संकल्प को पूरा कर सकते है- डॉ.चरनदास ढेंगरे

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया ( भारतीय बौद्ध महासभा ) की राष्ट्रीय पेट्रान - महाउपासिका मीराताई आम्बेडकर के निर्देशानुसार बालाघाट जिले की विभिन्न 10 तहसील/सर्कल में 10 दिवसीय श्रामनेर -बोद्धाचार्य धम्म प्रशिक्षण शिविर,समता सैनिक दल का प्रशिक्षण शिविर एवं दस दिवसीय उपासिका धम्म प्रशिक्षण शिविरो के समापन अवसर पर बालाघाट जिले के लॉजी तहसील मुख्यालय में विशाल राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन का आयोजन 3 मई को किया गया ,इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.बोधिसत्व बाबा साहब आंबेडकर जी के नाती भारतीय बौद्ध महासभा के ट्रस्टी राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष,समता सैनिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीमराव य.आम्बेडकर साहेब के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया ,समारोह पर प्रमुख अतिथि के रूप में कैप्टन प्रवीण निखाडे. ट्रस्टी अंतरराष्ट्रीय सचिव,एडवोकेट डॉ.एवं जगदीश गवई सर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,रामबचन जी पूर्व आयकर कमिश्नर , बी.एच.गायकवाड़ गुरूजी राष्ट्रीय सचिव मप्र के पालक मंत्री मुंबई,डॉ.चरनदास ढेंगरे प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय शिक्षक मप्र, आद.गौतम पाटिल सर राष्ट्रीय संघटक,सी.एल.बौद्ध राष्ट्रीय संगठक दतिया,इंजीनियर पद्माकर गणवीर राष्ट्रीय संगठक एवं भीमराव फूसे विदर्भ अध्यक्ष,आर. सी.दिवाकर प्रदेश अध्यक्ष (उत्तर)शिवपुरी,डॉ.उत्तम प्रधान प्रदेश महामंत्री इंदौर,बी.सी.सहारे प्रदेश कोषाध्यक्ष भोपाल,एड.रमेश लोखंडे प्रदेश सचिव छिंदवाड़ा,वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री रेशम भोयर नागपुर ,संतोष गवले प्रदेश उपाध्यक्ष बूरहानपुर,हेमलता डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष मप्र,आर.के.गठाने प्रदेश सचिव ,राजकपूर कामडे.प्रदेश सचिव, जिले के वरिष्ठ संगठक पूरनलाल मेश्राम,के के भालाधरे जिला सचिव ,कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रमोद कुमार भीमटे लांजी अध्यक्ष,स्वागत अध्यक्ष अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष बालाघाट,महेश चौबे खरगौन मंचासिन थे,देश,प्रदेश एवं जिले,हजारों पदाधिकारी,कार्यकर्ता उपासक -उपासिकाए एवं भीम सैनिक समारोह में उपस्थित थे,समारोह का संचालन डॉ.उत्तम प्रधान महासचिव म.प्र., के.के. भालाधरे जिला सचिव बालाघाट द्वारा किया गया , समारोह की अध्यक्षता प्रमोद कुमार भिमटे तहसील अध्यक्ष ,स्वागत का कार्य अध्यक्ष अशोक कुमार मेश्राम द्वारा किया गया, सर्वप्रथम समता सैनिक दल जिला बटालियन ,लांजी बालाघाट द्वारा ट्रस्टी अतिथियों के मंचासीन होने के पश्चात तथागत भगवान बुद्ध एवं डॉ.आम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गयी । ,इस अवसर पर बौद्ध महासम्मेलन को मुख्य अतिथि भारतीय बौद्ध महासभा के ट्रस्टी राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष भीमराव य.आम्बेडकर,कैप्टन प्रवीण निखाडे. ,ट्रस्टी डॉ.जगदीश गवई ,रामबचन ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बी.एच.गायकवाड़ गुरूजी राष्ट्रीय सचिव ,गौतम पाटिल राष्ट्रीय संघटक ,सी.एल.बौद्ध राष्ट्रीय संघटक , सहित कई पदाधिकारियों द्वारा संबोधित किया, अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डॉ.भीमराव आम्बेडकर साहेब द्वारा कहा कि भारतीय बौद्ध महासभा का अधिवेशन धम्म क्रांति गतिमान करने में कारगर साबित होगा महाराष्ट्र मध्यप्रदेश में बौद्धों की संख्या करोड़ों में है ,देश में बौद्धों की संख्या शासन के रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु जनगणना के दौरान धर्म के कॉलम में बौद्ध भाषा के कॉलम में पाली एवं जाति के कॉलम में अपनी जाति लिखने का आव्हान किया ताकि बौद्धों की सही जानकारी शासन प्रशासन को प्राप्त हो, देश की व्यवस्था पर बोलते हुये कहा डॉ.बाबा साहब आम्बेडकर द्वारा हमें भारतीय संविधान में धार्मिक स्वतंत्रता को धर्म निरपेक्ष महत्व देते है ,कैप्टन प्रवीण निखाडे. द्वारा कहा कि डॉ.बाबा साहब आम्बेडकर संविधान निर्माता नहीं उच्च कोटि के विद्वान ,दर्शनिक इतिहासकार ,सांसद , वकील ,प्रवक्ता लेखक थे ,उनके द्वारा समाज समता स्वतंत्रता ,बधुत्वता व न्याय की प्रस्थापना की, अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेगरे उद्बोधन में बताया कि संस्था के प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन से ही बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब के सम्यक संकल्प को पूरा किया जा सकता है, डॉ जगदीश गवई जी द्वारा तथागत भगवान बुद्ध के बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के संदेश को घर - घर पहुचाने की आवश्यकता बतायी ,बी.एच.गायकवाड़ द्वारा कहा कि बुद्ध के अनुसार मन की हिंसा ,ईर्ष्या ,क्रोध ,लोभ और अहंकार ही मनुष्य के सबसे बडे.शत्रु बताते हुये बुद्ध के विचारों पर चलने की आवश्यकता बतायी ,इतिहास में पहली बार मप्र के बालाघाट जिले में एक साथ दस दिन के 11 शिविर दस स्थानों पर आयोजित करने का रिकॉर्ड मप्र में पहली बार हुआ, मप्र के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे एवं जिलध्यक्ष अशोक कुमार मेश्राम जी द्वारा निरंतर सभी तहसीलों से संपर्क करते रहे ,लांजी अध्यक्ष प्रमोद कुमार भीमटे द्वारा लांजी सर्कलों एवं शाखाओं द्वारा कार्यक्रम में भरपूर सहयोग देकर भिक्षु संघ को आत्मीय भोजन दान दिया गया।समता इसी प्रकार महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से पहुंची 10 केंद्रीय शिक्षिकाओं का भी सराहनीय सहयोग रहा।



# डीजे बंद कराने की कीमत खून से चुकाई!

### शादी समारोह में मामुली विवाद ने लिया खूनी रूप, पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी को दबोचा



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले के लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहझरी में शादी समारोह के दौरान डीजे बंद कराने की बात को लेकर ऐसा बवाल मचा कि मामला जानलेवा हमले तक पहुंच गया। आरोपियों ने युवक पर लकड़ी के डंडे से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 24 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मोहझरी निवासी 30 वर्षीय देवेश रावते गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। समारोह में डीजे पर नाचने के दौरान दीप उरकुड़े और उसके भाई के बीच विवाद हो रहा था। माहौल बिगड़ता देख देवेश ने बीच-बचाव करते हुए डीजे बंद करा दिया। इसी बात से नाराज आरोपियों ने उसे निशाना बना लिया। बताया जा रहा है कि शादी कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब देवेश अपने दोस्त अमन के साथ घर लौट रहा था, तभी रास्ते में सेलर मशीन के पास आरोपियों ने उसे रोक लिया। वहां गाली-गलौज शुरू हुई और देखते ही देखते मामला हिंसक हो गया। आरोपी दीप उरकुड़े ने लकड़ी के डंडे से देवेश के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा।

घटना के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे देवेश के दोस्त अमन नाकतोडे को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा। दोनों भाइयों ने उसके साथ भी मारपीट की। घायल युवक की रिपोर्ट पर लांजी थाना पुलिस ने धारा 296(2), 115(2), 351(3), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा एवं एसडीओपी ओमप्रकाश के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी 21 वर्षीय दीप उरकुड़े को गिरफ्तार कर लिया तथा घटना में प्रयुक्त डंडा भी जब्त कर लिया। वहीं एक नाबालिग आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस की तेज कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# मोहझरी में चोरों का आतंक! एक ही रात में तीन मंदिरों को बनाया निशाना, मुकुट-छत्र और दानपेटियां पार

### लांजी क्षेत्र में बढ़ती वारदातों से दहशत, नर्मदेश्वर शिव मंदिर के सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध; अब फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थाना क्षेत्र के ग्राम मोहझरी में शनिवार रात चोरों ने ऐसा आतंक मचाया कि पूरा गांव दहशत में आ गया। अज्ञात बदमाशों ने एक ही रात में तीन मंदिरों के ताले तोड़कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर माता के मुकुट, चांदी के छत्र और दानपेटियों में रखी नगदी लेकर फरार हो गए। लगातार मंदिरों को निशाना बनाए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और लोग पुलिस गश्त पर सवाल खड़े कर रहे हैं। सुबह जब ग्रामीण पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो ताले टूटे और सामान गायब देखकर हड़कंप मच गया। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसरों में जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार चोर सबसे पहले देवी चौक स्थित शीतला माता मंदिर पहुंचे। यहां बदमाशों ने मंदिर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और अंदर रखे माता के मुकुट एवं छत्र पर हाथ साफ कर दिया। चोरी के बाद चोर बेखौफ अंदाज में गांव के बीचोंबीच घूमते रहे, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है।ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन सख्त कार्रवाई नहीं होने से बदमाशों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

इसके बाद चोर बाजार चौक स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर पहुंचे और यहां से चांदी का छत्र तथा दानपेटी में रखी नगदी चोरी कर ली। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध गतिविधियां कैद हुई हैं। फुटेज में कुछ युवक देर रात मंदिर परिसर में घूमते और चोरी करते दिखाई दे रहे हैं। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है और संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का दावा किया जा रहा है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि केवल जांच का भरोसा देकर मामले ठंडे बस्ते में डाल दिए जाते हैं।

## वाहन मालिकों ने थाने में दर्ज करवाई शिकायत, एक ही रात में दो मोटरसाइकिल चोरी



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातों ने एक बार फिर पुलिस की चौकसी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीती रात 09 मई को महज़ ढाई घंटे के भीतर दो अलग-अलग स्थानों से दो मोटरसाइकिल चोरी हो गई। दोनों घटनाएँ विवाह समारोह स्थलों के बाहर हुई है जिससे यह अंदेशा गहराया है कि क्षेत्र में सक्रिय चोरों का गिरोह सुनियोजित तरीके से काम कर रहा है। पहली घटना ग्राम सावरी की है। यहां पर तिरोड़ी तहसील के सीतापठोर निवासी संतोष पिता असरथ कड़पेती अपने परिचित के यहां 09 मई की रात्रि विवाह समारोह में शामिल होने के लिए पहुँचे थे। समारोह स्थल के सामने खड़ी उनकी टीवीएस एक्सल मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी 50 एमटी 4887) रात लगभग साढ़े 09 बजे से 11 बजे के बीच चोरी हो गई। संतोष ने अगले दिन 10 मई को थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने उनकी शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303 (2) के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। इसी रात दूसरी चोरी की वारदात ग्राम कोसमी में हुई। ग्राम वरूड़ निवासी धनसिंह बिसेन विवाह समारोह में शामिल होने ग्राम कोसमी आए थे। उनकी सीडी डीलक्सb मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी 50 एनएल 9178) भी समारोह स्थल के बाहर से चोरी हो गई। धनसिंह ने थाने में साधारण शिकायत दर्ज करवाई है। दोनों घटनाएँ एक ही रात और लगभग एक ही समयावधि में हुईं। इससे संदेह है कि यह काम किसी संगठित गिरोह का है। पुलिस ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और चोरों की तलाश जारी है।

## खबर संक्षेप



### भोपाल की टीम ने किया जनगणना कार्य का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 10 मई 2026 को नगरीय क्षेत्र में जनगणना कार्य निरीक्षण हेतु भोपाल से जांच टीम सिवनी पहुंची जांच टीम के अधिकारियों द्वारा नगर के बुधवारी क्षेत्र के एचएलबी क्रमांक 85, 86 एवं टैगोर वार्ड एचएलबी क्रमांक 46 में जनगणना कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जांच टीम के अधिकारियों द्वारा जनगणना का संपूर्ण कार्य नियम अनुसार करने एवं सुपरवाईजर को मकानों का डेटा एप पर सही तरीके से अपलोड किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। भोपाल जांच टीम के साथ एडीएम मैडम सुश्री सुनिता खंडाईत, जिला योजना अधिकारी श्री मरावी , नगर पालिका सीएमओ विशाल सिंह मस्कोले, उपयंत्री विकास मेहरा, फील्ड ट्रेनर्स बसंत कुमार मर्सकोले, मनोज कुमार सनोडिया, अभिलाष मिश्रा, संतोष कुमार नेमा सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### एडवोकेट कल्पना पड़वार बनीं मिसेस ग्रेसियस



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शहर की एडवोकेट कल्पना पड़वार ने गोवा में आयोजित ज्वेल ऑफ इंडिया‡ प्रतियोगिता में मिसेस ग्रेसियस का खिताब जीतकर जबलपुर सहित पूरे मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। हाईकोर्ट में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत कल्पना पड़वार ने इस प्रतियोगिता में जबलपुर (मध्यप्रदेश) का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर शहरवासियों में हर्ष का माहौल है। कल्पना पड़वार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और सहयोगियों को देते हुए कहा कि वे आगे भी समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेंगी। कोटः मेरे लिए यह सिर्फ एक खिताब नहीं, बल्कि हर महिला के सपनों को साकार करने की प्रेरणा है।

### बाइकों की भिड़ंत में पति-पत्नी गंभीर घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के केवलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मरकावाड़ा और सांईखेड़ा के बीच शुक्रवार रात्रि दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया, घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों द्वारा तत्काल घटना की सूचना डायल 108 एंबुलेंस सेवा को दी गई। सूचना मिलते ही 108 वाहन के चालक नीतेश कुमार दुबे एवं ईएमटी पूजा देशमुख मौके पर पहुंचे और घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए तत्काल केवलारी के सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों को गंभीर चोटें आई हैं और उनकी स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।

### कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में मृदा परीक्षण विषय पर प्रशिक्षण संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के दर्पण सभागार में मृदा परीक्षण की आवश्यकता, उपयोगिता एवं नमूना लेने की विधि विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से मृदा परीक्षण की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल ने कहा कि ग्रीष्मकाल मृदा परीक्षण के लिए सबसे उपयुक्त समय होता है। इस अवधि में खेत अपेक्षाकृत सूखे रहते हैं, जिससे मिट्टी की वास्तविक स्थिति का सही आकलन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मृदा परीक्षण से खेत में उपलब्ध पोषक तत्वों की सही जानकारी प्राप्त होती है, जिसके आधार पर किसान संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग कर सकते हैं।

# पिरवानी सहित आसपास के दर्जनों गांवों में एक सप्ताह से बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

## 24 घंटे में महज 3-4 घंटे बिजली, लो-वोल्टेज से उपकरण हो रहे खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**विद्युत वितरण केंद्र कुरई अंतर्गत पिपरवानी सहित आसपास के दर्जनों गांवों में पिछले लगभग एक सप्ताह से बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि 24 घंटे में मुश्किल से 3 से 4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।**

ग्रामीणों के अनुसार दिनभर कई बार बिजली की आंख-मिचौनी जारी रहती है। लगातार लो-वोल्टेज की समस्या के कारण पंखे तक ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। वहीं बार-बार



वोल्टेज कम-ज्यादा होने से टीवी, पंखे और अन्य घरेलू उपकरण खराब हो रहे हैं, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पिपरवानी क्षेत्र की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है, लेकिन उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि पिंडरई में पिछले तीन-चार वर्षों से पावर हाउस निर्माण का कार्य चल रहा है, लेकिन आज तक इसे पूरा नहीं किया गया। अधूरा निर्माण कार्य क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पर लगातार असर डाल रहा है।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर मनमानी का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस संबंध में गौतम मिश्रा, अनिल बिठले, योगेश डहरवाल, मुरारी, सुधीर राठौर, पंकज, प्रियेश मिश्रा एवं आकाश सहित अन्य ग्रामीणों ने शीघ्र बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

वहीं इस मामले में एई संदीप धुर्वे ने बताया कि पावर हाउस निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन उसकी फाइल पिछले एक वर्ष से दिल्ली में स्वीकृति के लिए लंबित है। उन्होंने स्वीकार किया कि क्षेत्र में बिजली समस्या बनी हुई है। साथ ही दोपहर बाद आने वाले आंधी-तूफान और वन विभाग की आपत्तियों के कारण भी बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

# आज श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा भगवती श्री राज राजेश्वरी एवं भगवान श्री परशुराम का 8वां पाटोत्सव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ज्ञातव्य है कि 9 मई 2018 (ज्येष्ठ कृष्ण नवमी) को पूज्य ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी के शुभ हस्ते नंदीकेश्वर धाम स्थित मंदिर में भगवान श्री परशुराम एवं श्री माता राज राजेश्वरी की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। तब से जिला ब्राह्मण समाज द्वारा प्रति वर्ष पाटोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 11 मई को होने वाले पाटोत्सव कार्यक्रम को लेकर जिला अध्यक्ष पं दिलीप तिवारी की अध्यक्षता में जिला ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 11 मई 2026 दिन सोमवार (ज्येष्ठ कृष्ण नवमी) को नंदीकेश्वर धाम में भगवान श्री परशुराम एवं भगवती श्री राज राजेश्वरी मंदिर का 8वां



पाटोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर शाम 5 बजे से भगवती श्री राज राजेश्वरी एवं भगवान श्री परशुराम का पूजन - अर्चन किया जायेगा ।

बैठक में दिलीप तिवारी, ओम प्रकाश तिवारी, अजय मिश्रा, प्रशांत शुक्ला, अशोक तिवारी, जुगल किशोर दुबे, दिनेश मिश्रा, संदीप दुबे, राजेन्द्र शर्मा,



विनोद मिश्रा, राम नारायण दीक्षित, सूर्यकांत चतुर्वेदी, श्रीमती अरविन्दजा दुबे, श्रीमती मंजूलता दुबे, श्रीमती दुर्गेश्वरी शर्मा, श्रीमती नीतू दुबे, श्रीमती हेमलता मिश्रा, श्रीमती रीता मिश्रा, श्रीमती सरिता मिश्रा, श्रीमती विजया दीक्षित, आरुणी दीक्षित एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

# 15 दिवसीय कार्यकर्ता विकास वर्ग का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत का कार्यकर्ता विकास वर्ग विशेष का सिवनी में 15 दिवसीय कार्यकर्ता विकास वर्ग विशेष का आज शुभारंभ हुआ। आयोजित इस वर्ग में महाकौशल प्रांत के 10 विभाग के 34 जिलों से 168 स्वयंसेवक वर्ग में सहभागिता कर रहे है। जिसमें अधिवक्ता, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, सेवा निवृत्त कर्मचारी, प्रोफेसर तथा व्यवसायी व कृषक है जो 41 वर्ष से लेकर 65 वर्ष आयु तक के स्वयंसेवक सहभागिता कर रहे है। संघ शिक्षा वर्ग के शुभारंभ सत्र में वर्ग के सर्वाधिकारी परमिंदरजीत सिंह बिन्द्रा जी, वर्ग कार्यवाह रमेश साहू जी एवं महाकौशल प्रांत के प्रांत प्रचारक ब्रजकांत जी ने मॉ भारती को पूजन-अर्चन कर व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। वर्ग में उपस्थित प्रांत प्रचारक ब्रजकांत जी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह कार्यकर्ता विशेष वर्ग ऐतिहासिक वर्ग है। क्योकि यह संघ का शताब्दी वर्ष में आयोजित हो रहा है साथ ही वंदे मातरम् गीत का 150 वॉ वर्ष और गुरू तेगबहादुर जी की पुण्यतिथि (शहादत पर्व) का 350 वॉ वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। बाबा साहब अम्बेडकर ने संविधान का निर्माण करते हुए यह कल्पना की थी कि समाज का हर व्यक्ति शिक्षित होगा और राष्ट्र के लिए समर्पित होगा।संघ कोई राजनीतिक या सांस्कृतिक संगठन नही है अपितु संघ एक वैचारिक संगठन है जहां विचारों के माध्यम से व्यक्तियों के निर्माण का कार्य किया जाता है। कार्यकर्ताओं के लिए संघ शिक्षा वर्ग सर्वप्रथम 1929 में संघ के संस्थापक परम पूज्यनीय डॉ. साहब ने संघ के अधिकारी शिक्षा वर्ग (ओटीसी) प्रारंभ हुआ। जिसे 1950 से परम पूज्यनीय गुरूजी ने संघ शिक्षा वर्ग का नाम दिया।



संघ अर्थात त्याग, तपस्या, अनुशासन, सामूहिकता, समय पालन, प्रमाणिकता और सामाजिक समरसता है। अनुशासन और समय पालन जिसके जीवन में आता है तभी प्रगति होती है। प्रतिदिन वर्ग का प्रारंभ प्रातः 4 बजे जागरण के साथ होता है। जिसमें स्नान ध्यान के अलावा शारीरिक प्रशिक्षण संघ स्थान पर दिये जाते है जिसमें व्यायाम, योग, दंड संचालन, नियुद्ध इत्यादि का प्रशिक्षण स्वयंसेवक प्राप्त कर रहे है। वही दिन में भोजन के पूर्व व उपरांत बौद्धिक चर्चा सत्र व गीत प्रार्थना अभ्यास के सत्रों के माध्यम से भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्ग 10.05.2026 से प्रारंभ होकर दिनांक 24.05.2026 को समाप्त होगा। इन 15 दिनों में सिवनी नगर की मातृशक्ति प्रातः व सायं भोजन हेतु भोजन बनाने में सहयोग प्रदान कर रही है, वही दूसरी ओर सायं संघ स्थान के समय नगर के गणमान्य नागरिकों व बुद्धिजीवी वर्ग के विभिन्न श्रेणियों के बंधु एवं भगनियों के वर्ग दर्शन की व्यवस्था भी की गई है।

# शातिर बदमाश विकास सोनी पुलिस की गिरफ्त में

## चोरी की मोटर सायकिल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नवागत पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा चोरी एवं नकबजनी के अपराधों के रोकथाम के लिए प्रयासरत हैं जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं जो इसी क्रम में मोटर सायकिल चोरी की 01 घटना का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया हैं।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 07/05/2026 को प्रार्थी मोहम्मद आरिफ पिता साजिद खान निवासी ग्राम बोरदेई थाना डुण्डासिवनी की टीवीएस कम्पनी की स्पोर्टस मोटरसायकिल एमपी 20 एमयू 3923 कीमती 20000 रुपये को दिनांक 07/05/2026 के करीब 10/30 बजे से 14/00 बजे के मध्य मंगलीपेठ सिवनी से अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लेने संबंधी रिपोर्ट



लेख कराने पर थाना कोतवाली सिवनी में अज्ञात आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 353/2026 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान उक्त प्राथीर्यो कि रिपोर्ट पर चोर की पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित कर संभावित स्थानों पर चोर की तलाश पतासाजी शुरू की गई एंव संदेही विकास सोनी को अभिरक्षा मे लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी विकास सोनी पिता स्व. चन्द्रपाल सोनी उम्र 25 वर्ष निवासी भैया कबाड़ी के पीछे टपरा मोहल्ला भगतसिंह वार्ड सिवनी के द्वारा उसके साथी रवि लोधी के साथ मिलकर मंगलीपेठ से दिनांक 07/05/2026 को 11/30 बजे उक्त मोटर सायकिल को चोरी करना बताया गया है आरोपी विकास सोनी के कब्जे से टीवीएस कम्पनी की स्पोर्टस मोटरसायकिलएमपी 20 एमयू 3923 कीमती 20000 रुपये को टपरा मोहल्ला भगतसिंह वार्ड सिवनी से जप्त किया गया है, प्रकरण में एक फरार आरोपी रवि लोधी की तलाश जारी है।

पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड पूर्व में भी आरोपी विकास सोनी पिता स्व. चन्द्रपाल सोनी उम्र 25 वर्ष निवासी भैया कबाड़ी के पीछे टपरा मोहल्ला भगतसिंह वार्ड सिवनी के विरूध्द थाना कोतवाली सिवनी में चोरी, नकबजनी, मारपीट, आर्म्स एक्ट के कुल 05 अपराध पंजीबध्द है।

गिरफ्तार आरोपीः विकास सोनी पिता स्व. चन्द्रपाल सोनी उम्र 25 वर्ष निवासी भैया कबाड़ी के पीछे टपरा मोहल्ला भगतसिंह वार्ड सिवनी।

जप्त मशरुकाः टीवीएस कम्पनी की स्पोर्टस मोटरसायकिल एमपी 20 एमयू 3923 कीमती 20000/- रुपये। सराहनीय कार्यः थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, प्र. आर. मुकेश गोडाने आर. सतीश इनवाती, सिध्दार्थ दुबे, सौरभ ठाकुर की विशेष भूमिका रहीं हैं।

# टिग्गा मोहल्ला शनि मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा शनि जन्मोत्सव

## 108 दीपों से महाआरती, अभिषेक और विशाल भंडारे का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नगर के पानी टंकी के पास टिग्गा मोहल्ला स्थित शनि मंदिर में 16 मई 2026, शनिवार को शनि जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शनि महाराज का विशेष अभिषेक, हवन, महाआरती, भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शनि मंदिर के पुजारी पंडित संजय तिवारी ने बताया कि सुबह 6 बजे से 7.30 बजे तक पंचांग पूजन, मंडल स्थापना एवं गणेश पूजन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 11 बजे से 12 बजे तक विद्वान पुरोहितों द्वारा शनि महाराज का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विशेष अभिषेक होगा। अभिषेक के पश्चात शनि मंदिर स्थित हनुमान जी महाराज एवं भैरव बाबा का विधि-विधान से अभिषेक कर चोला श्रृंगार किया जाएगा।शनि भगवान का गुलाब एवं गेंदे के आकर्षक फूलों के विशेष हारों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से हवन कार्यक्रम आयोजित होगा, जबकि शाम 7 बजे शनि महाराज की 108 दीपो से महाआरती एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद एवं विशाल भंडारे का वितरण किया जाएगा। वहीं रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें महाकौशल क्षेत्र के ख्यातिलब्ध भजन गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मंदिर समिति के कृष्णा सोनी और विक्की ठाकुर ने बताया कि शनि जयंती के अवसर पर मंदिर परिसर को फूलों और आकर्षक रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया जाएगा। शनि मंदिर समिति एवं माता महाकाली मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### 50 वर्ष बाद बन रहा दुर्लभ केदार योग

पंडित संजय तिवारी के अनुसार इस वर्ष की शनि जयंती आध्यात्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत विशेष मानी जा रही है। 16 मई, शनिवार को ग्रहों की विशेष स्थिति के कारण दुर्लभ केदार योग का निर्माण हो रहा है, जो लगभग 50 वर्षों बाद बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब कुंडली के सात घरों में सभी सात ग्रह स्थित होते हैं, तब केदार योग बनता है। उन्होंने बताया कि शनि जयंती पर शनिश्चरी अमावस्या का दुर्लभ संयोग भी बन रहा है, जिससे यह दिन शनि पूजा, साढ़ेसाती और ढैय्या से राहत तथा दान-पुण्य के लिए अत्यंत फलदायी माना जा रहा है।

# द्वितीय बोर्ड परीक्षा में 784 परीक्षार्थी हुए शामिल, जिले के 10 केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों पर 7 मई से 25 मई 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जा रही है।

शनिवार को हाईस्कूल परीक्षा अंतर्गत उर्दू विषय की परीक्षा जिले के 3 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हुई। इसमें कुल 15 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें सभी 15 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा में कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।

इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा अंतर्गत रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एलीमेंट्स ऑफ साइंस एंड मैथेमेटिक्स यूजफुल फॉर एग्रीकल्चर तथा गृह प्रबंधन, पोषण एवं वस्त्र विज्ञान विषयों की परीक्षा जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई। इसमें कुल 790 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें 769 उपस्थित एवं 21 अनुपस्थित रहे। सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई तथा कोई नकल प्रकरण सामने नहीं आया।

द्वितीय परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिवनी में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के माध्यम से जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों की गतिविधियों की सतत निगरानी कर वरिष्ठ कार्यालय को जानकारी प्रेषित की जा रही है।

जिलास्तरीय उडऩदस्ता दल द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी, शासकीय म.ल.बा.क. उत्कृष्ट उमावि सिवनी तथा शासकीय उर्दू उमावि सिवनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।

इसके अलावा विकासखण्ड स्तरीय उडऩदस्ता दलों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों के परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया। सभी केन्द्रों पर परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारु रूप से संचालित पाई गई।

# खवासा में वन विभाग की क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित, जल संरक्षण एवं वन्यजीव प्रबंधन पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख शुभरंजन सेन की अध्यक्षता में पेंच टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा खवासा में क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रधान मुख्य वन संरक्षक पुरुषोत्तम धीमान, मनोज अग्रवाल, बी. एस. अन्नेगिरि तथा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एल. कृष्णमूर्ति, कोमोलिका मोहता, एच. एस. मोहंता, मोहनलाल मीणा एवं अमित दुबे उपस्थित रहे।

कार्यशाला में क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व जे. देवाप्रसाद, क्षेत्र संचालक कान्हा टाइगर रिजर्व रवीन्द्र मणि त्रिपाठी, मुख्य वन संरक्षक बालाघाट वनवृत्त गौरव चौधरी, मुख्य वन संरक्षक जबलपुर वनवृत्त एम.आर. बघेल, वन संरक्षक छिंदवाड़ा वनवृत्त कमल अरोरा, वन संरक्षक सिवनी वनवृत्त संध्या तथा क्षेत्रीय महाप्रबंधक ब्रजेन्द्र झा द्वारा अपने-अपने कार्यक्षेत्र में किए गए नवाचारों एवं कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया गया। कार्यशाला में वर्ष 2025-26 के कार्यआयोजना एवं कैम्पा कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, लंबित भू-प्रबंध प्रकरण, राज्य बांस मिशन की उपलब्धियां, पौध तैयारियां एवं वृक्षारोपण कार्यों की समीक्षा की गई।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश वनबल प्रमुख द्वारा दिए गए। संरक्षित क्षेत्रों के साथ-साथ अन्य वन क्षेत्रों में बढ़ती बाघों की उपस्थिति को देखते हुए वन्यप्राणी प्रबंधन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य प्रारंभ होने से पूर्व संग्रहण एवं गोदामीकरण व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संयुक्त वन प्रबंधन समितियों को सुदृढ़ कर स्थानीय ग्रामीणों एवं आदिवासी समुदाय की सहभागिता बढ़ाने, वृक्षारोपण एवं वन सुरक्षा कार्यों में जन-सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

कार्यशाला में आरा मशीन प्रकरण, बीट निरीक्षण, मानव-वन्यप्राणी द्वंद्व, लैंड बैंक निर्माण, रोपणी अधोसंरचना एवं आस्थामूलक कार्यों से जुड़े प्रस्तावों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न वनमंडलों द्वारा वन एवं वन्यजीव प्रबंधन में किए जा रहे नवाचारों का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। इसमें PAWS (पेंच एडवांस वार्निंग सिस्टम) के माध्यम से मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम, गुप्तचर एप द्वारा वन अपराधों की गोपनीय जानकारी संकलन, टिश्यू कल्चर से उन्नत पौध उत्पादन, वन धन विकास केंद्रों के माध्यम से स्थानीय आदिवासी समुदाय की आर्थिक समृद्धि तथा अग्नि प्रबंधन उपायों जैसे विषय प्रमुख रहे। कार्यशाला में संबंधित वनवृत्तों के वनमंडल अधिकारी, उपसंचालक एवं संभागीय प्रबंधक उपस्थित रहे।

## धपारा (गंगेरुआ) पंचायत में भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप

# एक ही सड़क का तीन बार भुगतान, सरपंच-सचिव पर लाखों के गबन के गंभीर आरोप

**राकेश अगरवार हरीभूमि बरघाट।** शासन की राशियों को भ्रष्टाचार कर गबन करने में अव्वल सरकारी तंत्र को नीचे झुकाने में महारत हासिल करने वाली जनपद पंचायत बरघाट की एक ऐसी ग्राम पंचायत जहां पर अधिकारी कर्मचारी प्रत्येक शिकायत पर अपना निज स्वार्थ साधते हुए शासन को लाखो का चूना लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं सरपंच नंदकिशोर पटले और सचिव की मनमानी भ्रष्टाचारी से आम जन हताश और निराश हो चुके हैं शिकायत के बाद भी आज तक कोई अधिकारी इस पंचायत में जांच करने में पशीना आखिर क्यों छोड़ रहे है यह तो सरपंच नंदीकिशोर पटले और जनपद पंचायत बरघाट के पंचायत अधिकारी ही बता सकते हैं ग्राम पंचायत धपारा(गंगेरुआ) में अखंड भ्रष्टाचार के काले कारनामे निरंतर खुल रहे हैं परंतु मजाल है किसी अधिकारी जो इस ग्राम पंचायत पर कार्यवाही रूपी कानून का डंडा चला सके आज तक जिले की जनसुनवाई व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए ग्राम पंचायत धपारा गंगेरुआ में एक ही सड़क को तीन बार बनाकर शासकीय राशि के दुरुपयोग और धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है,ग्रामीण आवेदक ने जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया है कि सरपंच और सचिव ने मिलीभगत कर एक ही रोड निर्माण कार्य को तीन अलग अलग बार दर्शाकर लाखों रुपये की शासकीय राशि का गबन किया है।

### किसके संरक्षण में एक सड़क, तीन भुगतान! बड़ा सवाल संलीपत अधिकारियों पर कार्यवाही होगी कब

ग्रामीण जनो के आवेदन के अनुसार, ग्राम धपारा (गंगेरुआ) में जिस सड़क का निर्माण कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका था, उसी कार्य को पुनः दोहराकर तीन बार निर्माण दिखाया गया, आरोप है कि कागजों में अलग-अलग मदों से भुगतान निकालकर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई, ग्रामीणों का कहना है कि सड़क स्थल पर वास्तविक कार्य की स्थिति और भुगतान की राशि



सरपंच



में भारी अंतर है, जिससे भ्रष्टाचार की बू साफ झलकती है।

### निरंतर 10-12 शिकायतें, फिर भी कार्रवाई शून्य आखिर क्यों

शिकायतकर्ताओं का दावा है कि इस मामले में अब तक 10 से 12 बार शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है,जनसुनवाई में आवेदन दिया गया मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 में शिकायत दर्ज की गई संबंधित अधिकारियों को लिखित आवेदन सौंपे गए लेकिन आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की ठोस जांच या कार्रवाई नहीं की गई, इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

### एक सड़क का दोहरा भुगतान श्रीराम चंद्र ट्रस्ट का भी नाम जुड़ा

मामले में एक और बड़ा मोड़ तब आया जब यह तथ्य सामने आया कि उक्त भूमि श्रीराम चंद्र ट्रस्ट के अंतर्गत आती है। ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा भी एक बार सड़क निर्माण कराए जाने की बात सामने आई है, शिकायत के साथ फार्म नं. IX ऑडिट रिपोर्ट एवं भुगतान से संबंधित दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं, यदि ट्रस्ट द्वारा निर्माण कार्य पहले ही कराया जा चुका था, तो फिर पंचायत द्वारा दोबारा और तिबारा भुगतान किस आधार पर किया गया? यह सवाल अब पूरे मामले का केंद्र बन चुका है। सरपंच सचिव पर गंभीर आरोप!पद का दुरुपयोग और गबन जनपद पंचायत अधिकारी भी संलगन ग्राम पंचायत में यह कोई पहला भ्रष्टाचार नही है इसे। कई बड़े बड़े महाघोटाले को सरपंच सचिव अंजाम दे चुके हैं जिनकी शिकायत जनपद पंचायत बरघाट और जिला पंचायत सहित जिला कलेक्टर तक की गई है परंतु इस पंचायत के मामले में नीचे चोर ऊपर डाकू की कहानी नजर आ रही है ग्रामीण के आवेदन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सरपंच, सचिव एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए शासकीय धन का अवैध लाभ उठाया है। यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं, तो यह न केवल वित्तीय अनियमितता बल्कि आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आएगा।

### क्या जिला प्रशासन लेगा संज्ञान कलेक्टर से उच्च स्तरीय जांच की मांग

आवेदकों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि:पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं सूक्ष्म जांच कराई जाए संबंधित निर्माण कार्यों की तक नीकी जांच हो भुगतान विवरण, माप पुस्तिका (एमबी) एवं स्वीकृति पत्रों का सत्यापन किया जाए दोषी पाए जाने पर सरपंच, सचिव एवं संबंधित ट्रस्ट पदाधिकारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### बरघाट जनपद पंचायत अधिकारियों का भी हैं संरक्षण कब होगी कार्रवाई?

ग्रामवासियों का कहना है कि यदि इस प्रकार एक ही सड़क को तीन बार बनाकर राशि निकाली जाती रही, तो विकास कार्यों का वास्तविक लाभ कभी जनता तक नहीं पहुंचेगा, अब सबकी निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या इस मामले में निष्पक्ष जांच होगी या फिर शिकायतें फाइलों में दबकर रह जाएंगी? क्या नवागत जिला कलेक्टर मोहदया ग्राम पंचायत धपारा (गंगेरुआ) में हो रहे अखंड भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही करेंगे या नही यह समझ के परे है।

